
## पितृ यज्ञ

अग्निहोत्र विधि पूर्ण करके तीसरा पितृयज्ञ करें, अर्थात् जीते हुए माता पिता आदि की यथावत् सेवा करनी 'पितृयज्ञ' कहाता है।

इस पितृयज्ञ के दो भेद हैं–एक तर्पण और दूसरा श्राद्ध। उनमें से जिस क्रिया–कलाप के द्वारा विद्वान्‌रूप देव, ऋषि और पित्तरों को सुखयुक्त करते हैं, वह तर्पण कहलाता है। उसी प्रकार जो उन लोगों की श्रद्धा और सम्मानपूर्वक सेवा करना है, उसको श्राद्ध कहते हैं। अब यह तर्पण आदि कर्म विद्यमान अर्थात् जीते हुए जो प्रत्यक्ष जीवित पितर हैं, उन्हीं में घटता है, मरे हुओं में नहीं। क्योंकि मरे हुए पितरों का तो प्रत्यक्ष होना ही असम्भव है। इसलिए उनकी सेवा–शुश्रूषा नहीं हो सकती, तथा जो उन के लिए कोई पदार्थ देना चाहें, वह भी उन को नहीं मिल सकता। इसलिए केवल जीवित पितरों को ही सुखी करने, उनकी श्रद्धा पूर्वक सेवा–शुश्रूषा करने का नाम ही तर्पण और श्राद्ध वेदों में कहा गया है।

अब इस तर्पण और श्राद्ध के द्वारा सत्कार करने योग्य तीन हैं, और वे हैं, देव, ऋषि और पितर। देव वे कहलाते हैं, जो विद्वान्, धर्मात्मा और सत्याचारी हों। यथार्थ विद्या को पढ़कर औरों को जो पढ़ाते हैं, वे ऋषि कहलाते है।

इसके अतिरिक्त जो–जो हमारे प्रपितामाही–प्रपितामह, पितामही–पितामह अर्थात् परदादी–परदादा, दादी–दादा, माता–पिता, बड़े भाई–भोजाई वा अन्य बड़े सगोत्र सम्बन्धी हैं–भले ही वे अनपढ़ और सब तरह से सामान्य भी क्यों नही हैं, और आचार्य तथा इन से भिन्न भी जो

---

1. संस्कार विधि, गृहस्थाश्रम प्रकरण।
2. विद्वाँसो हि देवा: ।।श॰प॰ 3–7–6–10।।

विद्वान् लोग हैं, जो अवस्था अनुभव वा ज्ञान में बड़े-बड़े और मान-सम्मान के योग्य हैं, वे पितर कहलाते हैं। इन सब को यथाशक्ति सुखयुक्त करके तृप्त करना तर्पण और इनकी श्रद्धापूर्वक अन्न-पान आदि से सेवा करने का नाम श्राद्ध है। अब जो लोग चाहे वे माता-पिता, पितामह, प्रपितामह आदि हों, विद्वान् धर्मात्मा सदाचारी देव जन हों वा स्वयं यथार्थ विद्या को खूब पढ़-लिख कर औरों को पढ़ाने-लिखाने में सदा लगे रहते हों, और यह सब कुछ करते-कराते हुए जो क्षीण हो गए हों, वा क्षीण होते जा रहे हों, वे पितर कहलाते हैं। इस लिये उनकी अन्न आदि से सेवा-शुश्रूषा की जाती है। अब जिस अन्नादि से उनकी सेवा की जाती है, वह 'स्वधा' कहलाता है।

अब जिन्होंने वर्षों तक हमारा लालन-पालन वा पालन-पोषण किया है, हमें विद्या-सुशिक्षा से सम्पन्न किया है, हमें समय-समय पर अपने अनुभव भरे विचारों से ऊपर उठाया और आगे बढ़ाया है, हमें अपने उपदेशों-सदुपदेशों के द्वारा जीवनोद्देश्य के प्रति सदा जागरूक रख कर वक्ता-प्रवक्ता, कुशल कार्यकर्त्ता, धनी-मानी वा ज्ञानी-ध्यानी बनाया है। हम यदि सहृदय होकर सोचेंगे तो हमें ऐसा प्रतीत होगा कि इन के हम पर अनगिनत उपकार हैं। यदि हम और आगे बढ़कर सोचेंगे कि हमें ऐसा प्रतीत होगा कि वास्तव में ये जो क्षीण हुए हैं-या जो अस्थिपिञ्जर हुए हैं-ये जो ढीले हुए हैं, यह इसलिए कि इन्होंने हमारे निर्माण में अपने को गला दिया है। यह सब सोचने पर ये हमें 'स्व' -अपने प्रतीत होने लगेंगे। और अब ये सब जब हमें हृदय से अपने प्रतीत होने लगेंगे, तब इन्हें हम 'धा' धारण करने लगेंगे। इसलिय 'स्वधा' इन पितरों के लिए कहा जाता है। दूसरा 'स्वधा' का अर्थ है सात्विक, सुपाच्य, अन्न, जो पितरों को देते

1. स्वधा पितृभ्य:। वेद।

रहने से उनका स्वास्थ्य भी ठीक रहता है और वह भीतर जाकर सत्वगुण को बढ़ाने से उनकी साधना भी ठीक चलती है। इसलिए अन्यत्र भी उनके लिए ऐसे ही पदार्थों का विधान करते हुए कहा गया है कि–

**कुर्य्यादहरहः श्राद्धं पितृभ्यः प्रीतिमावहन्।**
**पयोमूलफलैर्वाऽपि मुन्यन्नैश्चापि सर्वशः।।**

प्रतिदिन प्रीतिपूर्वक इन पितरों का श्राद्ध करना चाहिये। अर्थात् श्रद्धापूर्वक इन को दुग्ध, कन्द, मूल, फलों वा मुनियों के लिये जो उचित सादा सुपाच्य अन्न हैं, उससे उन्हें सत्कृत करना चाहिये। यह सब जो गृहस्थ करता है, वह पितृयज्ञ करके अपने ऋण से उऋण होता रहता है। अतः हर सद्गृहस्थी को यह सब बड़ी श्रद्धा, प्रेम और उत्साह से करना चाहिये।

## भूतयज्ञ–बलिवैश्वदेवयज्ञ

इस को भूतयज्ञ इसलिए कहते हैं कि यह भूतों के निमित्त किया जाता हैं। इस को बलिवैश्वदेवयज्ञ भी इसलिए कहते हैं कि इसमें सब देवों के निमित्त बलि अर्थात् पुष्टिकारक पदार्थ दिए जाते हैं।

''वैश्वदेव'' यज्ञ का अभिप्राय यह है कि मनुष्य को सम्पूर्ण विश्व में देव अंश की सदा अनुभूति होती रहे। यह यज्ञ भोजन के पूर्व भी इसलिए किया जाता है ताकि मनुष्य को सदा यह बोध होता रहे कि मैं जो अन्न खा रहा हूँ इसके निर्माण में संसार भर के सब देवों (अर्थात् सूर्य, चन्द्र, पृथिवी, जल, वायु, अग्नि, विद्युत, मेघ, कृषक, गौ, बैल, क्रेता, विक्रेता, पीसने वाले, बनाने वाले, खिलाने वाले आदि आदि सब जड़–चेतन जगत् के प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष देवों ने भाग लिया है, अतः मैं उनके लिए नमः अर्थात्

इस अन्न की आहुति देता हूँ वा उनके लिए अन्न निकाल कर फिर भोजन करता हूँ।

यह वह यज्ञ है जो हमारे सम्मुख संसार के हर पदार्थ, हर प्राणी के देव अंश को उजागर कर हमें उसका यथोचित मान-सम्मान करना सिखाता है वा उसकी दीन-हीन दशा है तो उस के प्रति प्रेम, दया और सहानुभूति का अनुपम व्यवहार करना सिखाता है। जैसे इसमें अति प्रसिद्ध देवों के दान अंश की बात तो हमारी समझ में सहज ही आ जाती है, जैसे सूर्य हमें ओज देता है, तेज देता है, प्रकाश देता है, औषधि वनस्पतियों को पकाता है, चन्द्र उन ओषधि-वनस्पतियों में रस भरता है, जल हमारी पिपासा को शान्त करता है, हमें स्नानादि करा कर शुद्ध करता है, भूमि हमें नानाविध अन्न देती है, वायु हमें जीवन देती है, आदि-आदि, तो इनको शुद्ध रखना हमारा धर्म है, हमारा कर्त्तव्य है। यह यज्ञ हमें यह भी सिखाता है कि गौओं में भी देवत्व है, क्योंकि वे हमें दूध देती हैं, बछड़े देती हैं, जो हमारी कृषि आदि में काम आते हैं। अतः गौ आदि के लिए भी ग्रास रखना चाहिए, कुत्ता हमारी रक्षा करता है, वह उपकारी जीव है, अतः कुक्कुर के लिये भी ग्रास रखा जाता है, जलचर मत्स्यादि प्राणी जल में सतत शोधन का कार्य करते हुए हमारा बहुत ही उपकार करते हैं, अतः उनके लिये भी जल में आटा आदि डालते हैं।

नभचर कौआ-चील आदि धरती पर इधर-उधर सड़े-गले मरे पड़े हुए मृतकों को उदरस्थ कर पर्यावरण को शुद्ध करते रहते हैं, अतः कौए आदि के लिए ग्रास है, ऐसे ही कोढ़ी, रोगी दीन-दुःखी आदि भी अपने जीवन से हमें एक शिक्षा देते हैं कि-''हमें अपने बुरे कर्मों के परिणामस्वरूप यह अवस्था प्राप्त हुई, अतः तुम अपने जीवन में सदा सत्कर्म ही करते रहना।'' अतः उनके लिए हमारे हृदय में कृतज्ञतावश वा दयावश ये भाव

उमड़ने चाहियें कि जिस से उनकी किसी न किसी रूप में सहायता हो सकें। यहाँ तक कि इस यज्ञ में कौए आदि पक्षियों तथा चीन्टी आदि कृमियों को भी ग्रास और आटा, हल्दी आदि डाल कर उन के प्रति प्रेम दया और सहानुभूति का व्यवहार सिखा कर सब प्राणियों को सुख पहुँचाने का विधान है।

सचमुच जिस दिन सभी सद्गृहस्थ यह यज्ञ बड़ी श्रद्धा प्रेम और सहानुभूति से करने लगेंगे, उस दिन धरती का हर प्राणी सुखी हो जायेगा। फिर कोई भूखा नहीं मरेगा, प्यासा नहीं मरेगा, रोग की अवस्था में औषधि आदि के अभाव में नहीं मरेगा, सर्दी-गर्मी में पहनने-ओढ़ने के वस्त्रों के अभाव में नहीं मरेगा। सर्दी-गर्मी में पहनने-ओढ़ने के वस्त्रों के अभाव में नहीं मरेगा। क्योंकि जिस संस्कृति में कुत्ते-कौए और चीन्टी आदि तक की सुख-शान्ति का विचार किया जाता हो, वहाँ मनुष्य का तो कितना मान होगा, उस के प्रति तो कितना प्रेम, दया और सौहार्दपूर्ण व्यवहार होगा, उसकी तो कल्पना ही नहीं की जा सकती। वहाँ फिर ईर्ष्या-द्वेष और घृणा कैसे रह सकेगी। सचमुच जिस गली-ग्राम-नगर वा देश-विदेश में ऐसे गृहस्थ होंगे, ऐसी नारियाँ और नर होंगे, वह गली-ग्राम-नगर वा देश-विदेश धन्य होगा।

विधिः- घृतमिश्रित भात से वा भात के अभाव में पाकशाला में सिद्ध किया हुआ अर्थात् बनाया हुआ जो भी भोजन हो, उस में से खट्टे, लवणान्न और दो दल वाले (जिनकी दालें बनती हैं) क्षार प्रधान अन्नों को छोड़ कर शेष अन्न से चूल्हें की अग्नि में निम्नलिखित दस मन्त्रों से आहुति दें।

**ओम् अग्नये स्वाहा ।।1 ।। ओं सोमाय स्वाहा ।।2 ।। ओम् अग्नीषोमाभ्यां स्वाहा ।।3 ।।**

ओं विश्वेभ्यो देवेभ्यः स्वाहा ।।4 ।।
ओं धन्वन्तरये स्वाहा ।।5 ।।
ओं कुह्वै स्वाहा ।।6।।
ओम् अनुमत्यै स्वाहा ।।7 ।।
ओं प्रजापतये स्वाहा ।।8 ।।
ओं सह द्यावापृथिवीभ्यां स्वाहा ।।9 ।।
ओं स्विष्टकृते स्वाहा ।।10 ।।

तत्पश्चात् निम्न मन्त्रों से बलिदान करें–

ओं सानुगायेन्द्राय नमः। इससे पूर्व।
ओं सानुगाय यमाय नमः। इस से दक्षिण।
ओं सानुगाय वरुणाय नमः। इस से पश्चिम।
ओं सानुगाय सोमाय नमः। इस से उत्तर।
ओं मरुद्भ्यो नमः। इस से द्वार
ओ अद्भ्यो नमः। इस से जल।
ओं वनस्पतिभ्यों नमः। इस से मूसल और ऊखल।
ओं श्रियै नमः। इससे ईशान।
ओं भद्रकाल्यै नमः। इस से नैर्ऋत्य।
ओं ब्रह्मपतये नमः। ओं वास्तुपतये नमः। इन से मध्य।
ओं विश्वेभ्यो देवेभ्यो नमः। ओं दिवाचरेभ्यों भूतेभ्यो नमः।।
ओं नक्तंचारिभ्यों भूतेभ्यों नमः। इन से ऊपर।
ओं सर्वात्मभूतये नमः। इस से पृष्ठ।
ओं पितृभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः। इस से दक्षिण

मनुः 3–87 91 ।।

इन मन्त्रों से एक पत्तल या थाली में यथोक्त दिशाओं में भाग धरना। यदि भाग धरने के समय कोई अतिथि आ जाय तो उसी को दे देना, नहीं तो अग्नि में धर देना।

तत्पश्चात् घृतसहित लवणान्न लेकर अर्थात्, दाल, भात, शाक, रोटी आदि लेकर छः भाग भूमि पर धरें–

**शुनां च पतितानां च श्वपचां पापरोगिणाम्।**
**वायसानां कृमीणां च शनकैर्निर्वपेद भुवि।।**

मनु॰ 3–62।।

कुत्ते, पतित, चाण्डाल, पापरोगी, काक और कृमि अर्थात् चींटी, इन छः नामों से **"(1) श्वभ्यो नमः (2) पतितेभ्यो नमः (3) श्वपद्भ्यो नमः (4) पापरोगिभ्यो नमः। (5) वायसेभ्यो नमः (6) कृमिभ्यो नमः।"** ये छः भाग पृथिवी में धरे, और वे छः भाग जिस–जिस के नाम हैं, उस–उस को देने चाहियें।

आज भी वृद्ध जनों में भोजन से पूर्व जो गौ, कुत्ते, कौवे आदि को रोटी डालना एवं चींटियों के बिलों पर आटा आदि डालना, देखा जाता है, वह सब बलिवैश्वदेव यज्ञ का ही रूप है।

## नृयज्ञ–अतिथि यज्ञ

पाँचवा "नृयज्ञ" अर्थात् अतिथि यज्ञ है।

---

1. यह प्रतीक मन्त्र स्वामी दयानन्द ने सत्यार्थ प्रकाश में मनु 2–92 के आधार से लिखे हैं।
2. यदि वह–वह प्राणी न सामने आएं तो सदुपयोग हो, ऐसा विचार कर दूसरे प्राणियों को खिला दें।
3. 1–नृयज्ञोऽतिथि पूजनम।।मनु॰ 3–70।।

अतिथि यज्ञ उसे कहते हैं जिसमें अतिथियों की यथावत् सेवा-शुश्रूषा होती है। अतिथि वे कहाते हैं जिनके आने-जाने की कोई निश्चित तिथि न हो। अर्थात् अकस्मात् जो घर पर आ जाए और दूसरे वे जो पूर्ण विद्वान्, सत्योपदेशक, परोपकारी, जितेन्द्रिय, धर्मात्मा, सत्यवादी, पक्ष-पात रहित, छल-कपट रहित और नित्य भ्रमण करके विद्या तथा धर्म का प्रचार और अविद्या तथा अधर्म की निवृत्ति सदा करते रहते हैं, उनको अतिथि कहते हैं। ऐसे श्रेष्ठ मान्य अतिथि जब भी आश्रय के लिये गृहस्थ के द्वार पर जाएं, तो गृहस्थ को चाहिये कि वह उनकी श्रद्धापूर्वक अन्न-पान आदि खाद्य एवं पेय पदार्थों से सेवा-शुश्रूषा करके उन्हें तृप्त करे। पश्चात् उनसे सत्संग कर अपने ज्ञान-विज्ञान को ऐसे बढ़ावे कि जिससे जीवन का निर्माण होकर धर्म-अर्थ-काम और मोक्ष की सिद्धि होवे। यही वास्तव में अतिथि यज्ञ है जो अतिथियों की पूजा और उनकी संगति से लाभ उठाना है।

इसके अतिरिक्त भी बन्धु-बान्धवों में वा परिचितों में भी जो कोई घर आयें उनका भी प्रेम पूर्वक अन्न-पान आदि से यथोचित मान-सम्मान करना वा उनकी संगति से अनुभव, स्नेह, आशीर्वाद पाना आदि भी अतिथि यज्ञ कहलाता है।

सब स्त्री-पुरुषों का यह कर्तव्य है कि वे इस प्रकार प्रतिदिन प्रेम और श्रद्धा से इन पञ्च महायज्ञों को किया करें।

## पक्षेष्टि-पाक्षिकयज्ञ-दर्शपौर्णमास यज्ञपद्धति

पक्ष-यज्ञ अर्थात् पौर्णमासी और दर्श अर्थात् अमावस्या के दिन नैत्यिक अग्निहोत्र की आहुति दिये पश्चात् दैनिक हवन करके स्थालीपाक की निम्नलिखित तीन विशेष आहुतियाँ देवें। पूर्णिमा के दिन-

**ओम् अग्नये स्वाहा ।।1 ।।**
**ओम् अग्नीषोमाभ्यां स्वाहा ।।2 ।।**
**ओं विष्णवे स्वाहा ।।3 ।।**

इन तीन मन्त्रों से स्थालीपाक की तीन आहुति देकर-

**ओं भूरग्नये स्वाहा ।। इदमग्नये-इदन्न मम ।।1 ।।**

इत्यादि व्याहृति आहुति घृत की 4 देनी चाहियें, परन्तु इसमें इतना भेद है कि अमावस्या के दिन-

**ओम् अग्नीषोमाभ्यां स्वाहा** । इस द्वितीय मन्त्र के बदले

**ओम् इन्द्राग्नीम्यां स्वाहा** ।। इस द्वितीय मन्त्र को बोल के स्थालीपाक की आहुति देवें ।अर्थात् निम्नलिखित

**ओम् अग्नये स्वाहा ।।1 ।।**
**ओम् इन्द्राग्नीभ्यां स्वाहा ।।2 ।।**
**ओम् विष्णवे स्वाहा ।।3 ।।** इन तीन मंत्रों से स्थालीपाक की तीन आहुतियां दें।

जिन के घर में अभाग्य से नित्य हवन न होता हो तो वे पक्षेष्टि-अर्थात् पक्षयागादि में सामान्य प्रकरण अवश्य किया करें।

---

1. ओं भूरग्नये स्वाहा ।।इदमग्नये-इन्न मम ।।
ओं भुवर्वायवे स्वाहा ।।इदं वायवे-इदन्न मम ।।
ओं स्वरादित्याय स्वाहा ।।इदमादित्याय-इदन्न मम ।
ओं भूर्भुवः स्वरग्निवाय्वादित्येभ्यः स्वाहा ।
इदमग्निवाय्वादित्येभ्यः इदन्न मम ।
2. पक्षेष्टि-पक्षयाग-शुक्ल पक्ष एवं कृष्ण पक्ष में होने वाले पोर्णमास एवं अमावास्या याग ।

## पक्षयज्ञ पद्धति[1]

पूर्णमास एवं दर्शेष्टि, अर्थात् पूर्णमासी एवं अमावस्या के दिन होने वाले यज्ञों की पद्धति–

1–ऋत्विग्वरण (यदि इष्ट हो तो, अन्यथा स्वयं करे)

2–आचमन मन्त्र, अंगस्पर्श मन्त्र,

3–ईश्वर स्तुति प्रार्थना उपासना मन्त्र,

4–अग्न्याधान मन्त्र,

5–अग्नि समिन्धन मन्त्र,

6–समिदाधान मन्त्र,

7–पञ्च आज्याहुति मन्त्र,

8–जल प्रोक्षण मन्त्र,

9–आघारावाज्याभागाहुति मन्त्र 4

(आघारावाज्याहुति 2 मन्त्र और आज्याभागाहुति के 2)

10–प्रात:कालीन आहुति मन्त्र, सायंकालीन आहुति मन्त्र,

11–दोनों काल के समान मन्त्र,

(ओ३म् भूरग्नये प्राणाय स्वाहा।। इदमग्नये प्राणाय इदन्न मम। – आदि 8 मन्त्र)

12–पूर्णमासी की आहुतियाँ (स्थालीपाक से)

**ओम अग्नये ।।1 ।।**

**ओम् अग्नीषोमाभ्यां स्वाहा ।।2 ।।**

**ओं विष्णावे स्वाहा ।।3 ।।**

---

1–कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष की अमावास्या और पूर्णमासी के दिन होने वाले यज्ञ पाक्षिक यज्ञ कहाते हैं, जिन के नाम क्रमश: दर्शेष्टि और पौर्णमासेष्टि भी हैं। अमावास्या को दर्श भी कहते हैं, अत: अमावास्या के दिन होने वाला यज्ञ ''दर्शयाग या दर्शेष्टि'' के नाम से प्रसिद्ध हैं।

अमावास्या की आहुतियाँ (स्थाली पाक से)

ओम् अग्नये स्वाहा ।।1 ।।
ओम् इन्द्राग्नीभ्यां स्वाहा ।।2 ।।
ओं विष्णवे स्वाहा ।।3 ।।

13 घृत की चार व्याहृति आहुतियाँ-

ओं भूरग्नये स्वाहा।। इदमग्नये-इदन्न मम।।
ओं भुवर्वायवे स्वाहा।। इदं वायवे-इदन्न मम ।।
ओं स्वरादित्याय स्वाहा।। इदमादित्याय-इदन्न मम।।
ओं भुर्भूवः स्वरग्निवाय्वादित्येम्यः-इदन्न मम ।।1 ।।

14 - पूर्णाहूति की तीन आहुतियाँ देवें-

ओं सर्वं वै पूर्णँ स्वाहा।। इस मन्त्र से एक आहुति देवें।

ऐसे ही दूसरी और तीसरी आहुति भी देवें।

## कुछ अन्य आवश्यक कृत्यों के मन्त्र

### यज्ञोपवीत धारण करने का मन्त्र-

ओं यज्ञोपवीतं परमं पवित्रंप्रजापतेर्यत्सहजं पुरस्तात्। आयुष्यमग्रयं प्रतिमुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः।। 1 ।। ओं यज्ञोपवीतमसि यज्ञस्य त्वा यज्ञोपवीतेनोपनह्यामि ।।2 ।। पार० कां० 2-2-11।।

### भोजन के समय का मन्त्र

ओ३म् अन्नपतेऽन्नस्य नो देह्यनमीवस्य शुष्मिणः।

**प्रप्र दातारं तारिष ऊर्जं नो धेहि द्विपदे चतुष्पदे ।। यजु॰ 11-83 ।।**

हे अन्न के स्वामी परमेश्वर! आप हमें नीरोगकारी स्वास्थ्यवर्धक और बलकारी अन्न प्रदान करो। दीन-दुःखी और अनाथों को अन्नादि प्रदान करने वालों को अपनी महती अनुकम्पा से खूब बढ़ाओ? हमें दोपायों अर्थात् हम मनुष्यों और चौपायों अर्थात् गौ-वृषभ आदि पशुओं को अन्न बल और पराक्रम की प्राप्ति कराओ।

## भोजन समाप्ति के समय का मन्त्र

**मोघमन्नं विन्दते अप्रचेताः सत्यं ब्रवीमि वध इत्स तस्य। नार्यमणं पुष्यति नो सखायं केवलाघो भवति केवलादी ।। ऋ॰ 20-117-6 ।।**

असावधान-अजागरूक व्यक्ति व्यर्थ ही अन्न को प्राप्त करता है, मैं सच कहता हूँ कि वह अन्न उसका मारक ही है। क्योंकि वह न तो उससे न्यायकारी राजा आदियों और न ही अपने किसी सखा-मित्र आदि को उससे पुष्ट करता है-तृप्त करता है। इसलिये ऐसा जो केवल स्वयं ही खाने वाला व्यक्ति है वह तो केवल पापी ही होता है। अतः अतिथि आदि के आने पर उसको पहले खिला कर ही खाना चाहिए।

## शयन विनय (शयन कालीन मन्त्र)

**यज्जाग्रतो दुरमुदैति दैवं तदु सुप्तस्य तथैवैति। दूरङ्गमं ज्योतिषां ज्योतिरेकं तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु ।।**

**येन कर्माण्यपसो मनीषिणो यज्ञे कृण्वन्ति विदथेषु धीराः। यदपूर्वं यक्षमन्तः प्रजानां तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु ।।**

यत्प्रज्ञानमुत चेतो घृतिश्च यज्ज्योतिरन्तरमृतं प्रजासु।
यस्मान्न ऋते किंचन कर्म क्रियते तन्मे,
मनःशिवसंकल्पमस्तु।

येनेदं भूतं भुवनं भविष्यत्परिगृहीतममृतेन सर्वम्।
येन यज्ञस्तायते सप्तहोता तन्मे मनः
शिव-संकल्पमस्तु।।

यस्मिन्नृचः साम यजूँषि यस्मिन् प्रतिष्ठिता
रथनाभाविवाराः। यस्मिँश्चित्तं सर्वमोतं प्रजानां तन्मे
मनः शिवसंकल्पमस्तु।।

सुषारथिरश्वानिव यन्मनुष्यान्नेनीयतेऽभीशुभिर्वाजिन
इव। हृत्प्रतिष्ठं यदजिरं जविष्ठं तन्मे मनः
शिवसंकल्पमस्तु।। यजु॰ 34।मं॰ 1-6।।

## शयन समय प्रभु से प्रार्थना

अग्ने त्वं सुजागृहि वयं सुमन्दिषीमहि।
रक्षा णो अप्रयुच्छन् प्रबुधे नः पुनस्कृधि।।

यजु॰ 4-14।।

हे प्रभो! तू अच्छी तरह जागता रहता है, इसलिए हम सुख पूर्वक निश्चिन्त होकर सोते हैं, तू प्रमाद रहित होते हुए हमारी रक्षा कर और प्रातः ही पुनः हमें प्रबुद्ध कर-पुनः हमें जगा।

## मृत्युञ्जय मंत्र

**ओं त्रयम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।**
**उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्।।**

ऋ० 7-56-12।।यजु० 3-60।।

सुगन्धि वाले, पुष्टिवर्धक, तीनों स्थूल-सूक्ष्म-कारण शरीरों के अम्बा-अम्बक-मातृ-पितृ तुल्य पालक-पोषक परमेश्वर का हम भजन करते हैं। हे प्रभो! मैं खरबूजे की तरह पककर मृत्यु के बन्धन से मुक्त होऊँ, अमृत से नहीं।

## व्रत ग्रहण मंत्र

**अग्ने व्रतपते व्रतं चरिष्यामि तच्छकेयं तन्मे राध्यताम्।**
**इदमहमनृतात।सत्यमुपैमि।।** यजु० 1-5।।

हे सबको आगे ले जाने वाले व्रत रक्षक प्रभो! मैं (यज्ञानुष्ठान रूप) व्रत करना चाहता हूँ, वह मैं कर सकूँ (आप की कृपा से) मेरा वह व्रत सिद्ध हो। उस व्रत से मैं अनृत अर्थात् असत्य से हटकर सत्य को प्राप्त होता हूँ।

## व्रत समाप्ति पर बोला जाने वाला मन्त्र

**अग्ने व्रतपते व्रतमचारिषं तदशकं तन्मेऽराधीदमहं य एवास्मि सोऽस्मि।।** यजु० 2-28।।

हे प्रकाशवस्रूप व्रतरक्षक प्रभो! मैंने (यज्ञानुष्ठान रूप) व्रत किया था, उसे मैं कर सका। (आप की कृपा से) वह मेरा व्रत पूर्ण हुआ। भगवन्! मैं जो हूँ वही हो जाऊँ।

मुझे असत् से सत् की ओर ले चल-

असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्यातिर्गमय। मृत्योर्माऽमृतं गमय।।

## पावमानी वरदा वेदमाता।

ओ३म् स्तुता मया वरदा वेदमाता प्रचोदयन्तां पावमानी द्विजानाम्। आयुः प्राणं प्रजां पशुं कीर्तिं द्रविणं ब्रह्मवर्चसम्। मह्यं दत्वा व्रजत ब्रह्मलोकम्।।

अथर्व॰ 19-71-1।।

## प्रार्थना

ओ३म् शन्नो मित्रः शं वरुणः शन्नो भवत्वर्यमा। शन्न इन्द्रो बृहस्पतिः शन्नो विष्णुरुरुक्रमः।।

नमो ब्रह्मणे नमस्ते वायो त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मासि। त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि ऋतं वदिष्यामि।।

सत्यं वदिष्यामि तन्मामवतु तद्वक्तारमवतु। अवतु मामवतु वक्तारम्। ओ३म् शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।

तै॰ आ॰ 7-1।।

त्वमेव माता च पिता त्वमेव, त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव। त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव, त्वमेव सर्वं मम देव देव।। तमीश्वराणां परमं महेश्वरं, तं देवताना परमं च दैवतम्। पतिं पतीनां परमं परस्तात् विदाम देवं भुवनेशमीड्यम्।।

सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत्।।

सबका भला करो भगवान्, सब पर दया करो भगवान।
सब पर कृपा करो भगवान्, सबका सब विधि हो कल्याण।।
हे ईश सब सुखी हों, कोई न हो दुखारी।
सब हों नीरोग भगवन्, धन-धान्य के भण्डारी।।
सब भद्र भाव देखें, सन्मार्ग के पथिक हों।
दुःखिया न कोई होवे, सृष्टि में प्राणधारी।।

ओ३म् द्यौः शान्तिरन्तरिक्षँ् शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः। वनस्पतयः शान्तिर्विश्वेदेवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः सर्वं शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सा मा शान्तिरेधि।।ओं शान्तिः शान्तिः शान्तिः।। यजु॰ 36-17।।

## कुछ वैदिक प्रार्थना मन्त्र

ओं तनूपा अग्नेऽसि तन्वं में पाहि ।।1 ।।

ओम् आयुर्दा अग्नेऽस्यायुर्मे धेहि ।।2 ।।

ओं वर्चोदा अग्नेऽसि वर्चो में देहि ।।3 ।।

ओम् अग्ने यन्मे तन्वा ऊनं तन्म आपृण ।।4 ।।

ओं मेघां में देवः सविता आदधातु ।।5 ।।

ओं मेधा में देवी सरस्वती आदधातु ।।6 ।।

ओं मेधां में अश्विनौ देवावादत्तां पुष्कर स्रजौ ।।7 ।।

ओं मयि मेधां मयि प्रजां मय्यग्निस्तेजो दधातु ।।8 ।।

ओं मयि मेधां मयि प्रजां मयीन्द्र इन्द्रियं दधातु ।।9 ।।

ओं मयि मेधां मयि प्रजां मयि सूर्यो भ्राजो दधातु ।।10 ।।

ओं यत्ते अग्ने वर्चस्तेनाहं वर्चस्वी भूयासम् ।।12 ।।

ओं यत्ते अग्ने हरस्तेनाहं हरस्वी भूयासम् ।।13 ।।

ओं तेजोऽसि तेजो मयि धेहि।

ओं वीर्यमसि वीर्यं मयि धेहि ।।

ओं बलमसि बलं मयि धेहि।

ओम् ओजोऽस्योजो मयि धोहि ।।

ओं मन्युरसि मन्युं मयि धेहि।

ओं सहोऽसि सहा मयि धेहि ।।

## वैदिक राष्ट्रीय प्रार्थना

ओ३म् आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायतामा-
राष्ट्रे राजन्यः शूर इषव्योऽतिव्याधी महारथो जायतां
दोग्ध्री धेनुर्वोढाऽनड्वानाशुः सप्तिः पुरन्धिर्योषा जिष्णू
रथेष्ठाः सभेयो युवास्य यजमानस्य वीरो जायतां

**निकामे–निकामे नः पर्जन्यो वर्षतु फलवत्यो न ओषधयः पच्यन्तां योगक्षेमो नः कल्पताम् ।। यजु॰ 22–22 ।।**

ब्रह्मन् ! स्वराष्ट्र में हों, द्विज ब्रह्म तेजधारी ।
क्षत्रिय महारथी हों, अरिदल विनाशकारी ।।
होवें दुधारू गौवें, पशु अश्व आशुवाही ।
आधार राष्ट्र की हों, नारी सुभग सदा ही ।।
बलवान् सभ्य योद्धा, यजमान पुत्र होवें ।
इच्छानुसार वर्षें पर्जन्य ताप धोवें ।।
फल–फूल से लदी हों, औषध अमोघ सारी ।
हो योग–क्षेमकारी, स्वाधीनता हमारी ।
हे जगदीश दयालु ब्रह्म ! प्रभु सुनिये विनय हमारी ।
हों ब्राह्मण उत्पन्न देश में, धर्म कर्म व्रतधारी ।।
क्षत्रिय हों रणधीर महारथी, धनुर्वेद अधिकारी ।
धेनु दूध वाली हों सुन्दर, वृषभ तुंग बलधारी ।।
हों तुरंग गति चपल अंगना, हों सुरूप गुणंवाली ।
विजयी रथी पुत्र जनपद के, रत्न तेज बलशाली ।
जब ही हम जग करें कामना, जलधर जल बरसावें ।
फलें पकें बहु सुखद वनस्पति, योम क्षेम सब पावें ।।
द्विज वेद पढ़ें, सुविचार बढ़ें, बल पाय चढें सब ऊपर को ।
अविरुद्ध रहें, ऋजुपन्थ गहें, परिवार कहें वसुधा भर को ।
ध्रुव धर्म धरें पर दुःख हरें, परिवार कहें वसुधा भर को ।
दिन फेर पिता वर दे सविता, हम आर्य करें जगती भर को ।।

## ऋग्वेद का अन्तिम सूक्त (संगठन सूक्त)

**सं समिद्युवसे वृषन्नग्ने विश्वान्यर्य आ ।
इडस्पदे समिध्यसे स नो वसून्या भर ।।1 ।।**

हे प्रभो तुम शक्तिशाली ही बनाते सृष्टि को।
वेद सब गाते तुम्हें हैं कीजिये धन वृष्टि को ।।1 ।।

**संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।**
**देवा भागं यथा पूर्वे संजानाना उपासते ।।2 ।।**

प्रेम से मिल कर चलो बोलो सभी ज्ञानी बनो।
पूर्वजों की भांति तुम कर्त्तव्य के मानी बनो ।।2 ।।

**समानो मन्त्रः समितिः समानी, समानं मनः सह चित्तमेषाम्।**
**समानं मंत्रमभि मंत्रये वः, समानेन वो हविषा जुहोमि ।।3 ।।**

हों विचार समान सबके चित्त मन सब एक हों।
ज्ञान देता हूँ बराबर भोग्य पा सब नेक हों ।।3 ।।

**समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः।**
**समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति ।।4 ।।**

हों सभी के दिल तथा संकल्प अविरोधी सदा।
मन भरे हों प्रेम से जिससे बढ़े सुख सम्पदा ।।4 ।।

## यज्ञरूप प्रभु से प्रार्थना (1)

यज्ञरूप प्रभो हमारे, भाव उज्ज्वल कीजिये।
छोड़ देवें छल कपट को, मानसिक बल दीजिये ।।1 ।।
वेद की बोले ऋचाएं, सत्य को धारण करें।
हर्ष में हों मग्न सारे, शोक सागर से तरें ।।2 ।।
अश्मेधादिक रचायें, यज्ञ पर उपकार को।
धर्म-मर्यादा चला कर, लाभ दें संसार को ।।3 ।।
नित्य श्रद्धा-भक्ति से, यज्ञादि हम करते रहें।

रोग–पीड़ित विश्व के, सन्ताप सब हरते रहें ।।4 ।।
भावना मिट जाए मन से, पाप अत्याचार की।
कामनाएं पूर्ण होवें, यज्ञ से नर नार की ।।5 ।।
लाभकारी हो हवन, हर प्राणधारी के लिए।
वायु जल सर्वत्र हों, शुभ गन्ध को धारण किये ।।6 ।।
स्वार्थ भाव मिटे हमारा, प्रेम पथ विस्तार हो।
''इदन्न मम''का सार्थक, प्रत्येक में व्यवहार हो ।।7 ।।
प्रेम रस से तृप्त होकर, वन्दना हम कर रहे।
नाथ करुणारूप करुणा आप की सब पर रहे ।।8 ।।
पूजनीय प्रभो हमारे, भाव उज्ज्वल कीजिये।
छोड़ देवें छल कपट को, मानसिक बल दीजिए ।।9 ।।

## ईश प्रार्थना (2)

सुखी बसे संसार सब, दुखिया रहे न कोय।
यह अभिलाषा हम सबकी, भगवन्! पूरी होय ।।1 ।।
विद्या बुद्धि–तेज बल, सबके भीतर होय।
दूध–पूत धन–धान्य से, वञ्चित रहे न कोय ।।2 ।।
आप की भक्ति प्रेम से, मन होवे भरपूर।
राग–द्वेष से चित्त मेरा, कोसों भागे दूर ।।3 ।।
मिले भरोसा नाम का, हमें सदा जगदीश।
आशा तेरे धाम की, बनी रहे मम ईश ।।4 ।।
पाप से हमें बचाइये, करके दया दयाल।
अपनी भक्ति प्रेम से, हमको करो निहाल ।।5 ।।
दिल में दया उदारता, मन में प्रेम अपार।
हृदय में धैर्य वीरता, सब को दो करतार ।।6 ।।

हाथ जोड़ विनती करूँ, सुनिये कृपानिधान।
साधु–संङ्गत सुख दीजिये, दया नम्रता दान ।।7 ।।

## धन्यवाद गीत (3)

आज मिल सब गीत गाओ उस प्रभु के धन्यवाद।
जिस का यश नित गाते हैं, गन्धर्व मुनि जन धन्यवाद।।
मन्दिरों में कन्दरों में, पर्वतों के शिखर पर।
देते हैं लगातार सौ–सौ बार, मुनिवर धन्यवाद।।
करते हैं जंगल में मंगल, पक्षीगण हर शाख पर।
पाते हैं आनन्द मिल, गाते हैं स्वर भर धन्यवाद।
कूप में, तालाब में, सागर की गहरी धार में।
प्रेम–रस में तृप्त हो, करते हैं जलचर धन्यवाद।।
शादियों में, कीर्तनों में, यज्ञ और उत्सव के आदि।
मीठे स्वर से चाहिए, करें नारी–नर सब धन्यवाद।।
गान कर 'अमीचन्द', भजनानन्द ईश्वर की स्तुति।
ध्यान धर सुनते हैं श्रोता, कान धर–धर धन्यवाद।।

## भजन नं॰ 4

मगन ईश्वर की भक्ति में, अरे मन क्यों नहीं होता।
पड़ा आलस्य में मूरख, रहेगा कब तलक सोता ।।1 ।।
जो इच्छा है तेरे कट जाएं, सारे मैल पापों के।
प्रभु के प्रेम जल से क्यों नहीं, अपने को तू धोता ।।2 ।।
विषय और भोग में फँसकर, न कर बरबाद जीवन को।
दमन कर चित्त की वृत्ति, लगा ले योग में गोता ।।3 ।।
नहीं संसार की वस्तु, कोई भी सुख की हेतु है।

वृथा इनके लिये फिर क्यों, समय अनमोल तू खोता ।।4 ।।
धर्म ही एक ऐसा है, जो होगा अन्त को साथी ।
न पत्नी काम आयेगी, न भाई, पुत्र और पोता ।।5 ।।
भटकता जा बजा नाहक, तू क्यों सुख के लिए "सालिग"
तेरे हृदय के भीतर ही, बहे आनन्द का सोता ।।6 ।।

## भजन नं॰ 5

हुआ ध्यान में ईश्वर के जो मगन,
उसे कोई क्लेश लगा न रहा ।
जब ज्ञान की गंगा में नहाया,
तो मन में मैल जरा न रहा ।।
परमात्मा को जब आत्मा ने,
लिया देख ज्ञान की आंखों से ।
प्रकाश हुआ मन में उसके,
कोई उससे भेद छिपा न रहा ।।
पुरुषार्थ ही इस दुनिया में,
सब कामना पूरी करता है ।
मन चाहा फल उसने पाया,
जो आलसी बन के पड़ा न रहा ।।
दुःखदायी हैं, सब शत्रु हैं,
ये विषय हैं जितने दुनियाँ के ।
वही पार हुआ भवसागर से जो जाल में इन के फँसा न रहा ।।
यहाँ वेद विरूद्ध जब मत फैले,
पाषाण की पूजा जारी हुई ।
जब वेद की विद्या लुप्त हुई,

तो ज्ञान का पाँव जमा न रहा।।
यहाँ बड़े-बड़े महाराज हुये,
बलवान् हुये. विद्वान् हुये।
पर मौत के पंजे से 'केवल'
संसार में कोई बचा न रहा।।

## भज़न नं॰ 6

विश्वपति के ध्यान में जिसने लगाई हो लगन।
क्यों न हो उसको शान्ति, क्यों न हो उसका मन मगन ।।1 ।।
काम, क्रोध, लोभ, मोह शत्रु हैं सब महाबली।
इनके हनन के वास्ते, जितना हो तुझ से कर यतन ।।2 ।।
ऐसा बना स्वभाव को, चित्त की शांति से तू।
पैदा न हो ईष्या की आंच, दिल में करे नहीं जलन ।।3 ।।
मित्रता सब से मन में रख, त्याग के वैर भाव को।
छोड़ दे टेढ़ी चाल को, ठीक कर अपना तू चलन ।।4 ।।
जिससे अधिक न हो कोई, जिसने रचा है यह जगत्।
उस का रख तू आसरा, उसकी ही तू पकड़ शरण ।।5 ।।
छोड़ के राग-द्वेष को, मन में तू उसका ध्यान कर ।
तुझ पे दयाल होवेंगे, निश्चय है यह परमात्मन् ।।6 ।।
आप दया स्वरूप हैं, आप ही का है आश्रय।
कृपा दृष्टि कीजिये, मुझपे हो जब समय कठिन ।।7 ।।
मन में मेरे हो चाँदना, मोक्ष का रास्ता मिले।
मार के मन को 'केवल' इन्द्रियों को करे दमन।।8 ।।

## भजन नं॰ 7

सफल जीवन करो अपना, प्रभु का नाम ले ले कर।
तरो दुस्तर यह भव सागर, प्रभु का नाम ले ले कर।।
घटा घनघोर घिर आए, खड़ा हो काल मुँह बाए।
रहो तुम फिर भी मुस्काए, प्रभु का नाम ले ले कर।।
प्रलोभन खींचकर बरबस, कुपथ पर ले चले तुम को।
रखो संयम में मन अपना, प्रभु का नाम ले ले कर।
कठिन है साधना का पथ, मगर उत्साह मत छोड़ो।
निराशा पददलित कर दो, प्रभु का नाम ले लेकर।।
मनन से मन दमन करके, पतन से 'पाल' बच निकलो।
बढ़ो तुम साधना पथ पर, प्रभु का नाम ले ले कर।।

## भजन नं॰ 8

मिलता है सच्चा सुख केवल, भगवान् तुम्हारे चरणों में।
यही विनय यही पल-पल छिन-छिन, रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में।
चाहे वैरी कुल संसार बने, चाहे जीवन मुझ पर भार बनें।
चाहे मौत गले का हार बने, रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में।।
चाहे संकट ने मुझे घेरा हो, चाहे चारों ओर अन्धेरा हो।
पर मन न डग मग मेरा हो, रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में।।
जिह्वा पर तेरा नाम रहे, तेरी याद सुबह और शाम रहे।
बस काम ये आठों याम रहे, रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में।

## भजन नं॰ 9

जिस रंग में परमेश्वर राखे, उसी रंग में रहना।
वह चाहे तो ताज पहना दे, वह चाहे तो भीख मंगवा दे।
मुख से कुछ नहीं कहता, उसी रंग में रहना।। जिस रंग. . .

वह है सकल जगत् का स्वामी, घट घट वासी अन्तर्यामी
निश दिन ध्यान में रहना, उसी रंग में रहना।। जिस रंग. . .
सुख में उस को भूल न जाना, दुःख आए तो न घबराना।
सुख दुख दोनों सहना, उसी रंग में रहना ।। जिस रंग. . .

## भजन नं॰ 10

मनुआ ओम् ओम् बोल, मनुआ ओम् ओम् बोल।
कञ्चन सा नर तन यह तूने, पाया है अनमोल।
मनुआ ओम् ओम् बोल. . .
इस कञ्चन के प्याले में तू, ओम् नाम रस घोल।
मनुआ ओम् ओम् बोल. . .
भाई बन्धु और कुटुम्ब कबीला, इनमें बहुत न डोल।
मनुआ ओम् ओम् बोल. . .
कंकर पत्थर छोड के मूरख, मोती मोती रोल।।
मनुआ ओम् ओम् बोल. . .

## भजन नं॰ 11

जिन्दगी में भूलकर न पाप कर।
हर घड़ी परमात्मा को याद कर।
भक्ति शक्ति मुक्ति मिलती मोल ना।
जितनी भी करनी है अपने आप कर ।। हर घड़ी. . . .
भूल से हो जाए गर कोई पाप तो।
बैठकर कुछ काल पश्चाताप कर।। हर घड़ी. . . .
आयेगा परमात्मा तुझको नजर।
आईना दिल का तू पहले साफ कर।। हर घड़ी. . . .
राह में काँटे बहुत मन्जिल कठिन।
हर कदम चलना सम्भल कर नाप कर।। हर घड़ी. . . .

## आर्यसमाज के नियम

1. सब सत्यविद्या और जो पदार्थ विद्या से जाने जाते हैं, उन सब का आदि मूल परमेश्वर है।
2. ईश्वर सच्चिदानन्दस्वरूप, निराकार, सर्वशक्तिमान्, न्यायकारी, दयालु, अजन्मा, अनन्त, निर्विकार, अनादि, अनुपम, सर्वाधार, सर्वेश्वर, सर्वव्यापक, सर्वान्तर्यामी, अजर, अमर, अभय, नित्य, पवित्र और सृष्टिकर्ता है। उसी की उपासना करनी योग्य है।
3. वेद सब सत्यविद्याओं का पुस्तक है। वेद का पढ़ना-पढ़ाना और सुनना-सुनाना सब आर्यों का परम धर्म है।
4. सत्य के ग्रहण करने और असत्य के छोड़ने में सर्वदा उद्यत रहना चाहिए।
5. सब काम धर्मानुसार अर्थात् सत्य और असत्य को विचार करके करने चाहिए।
6. संसार का उपकार करना इस समाज का मुख्य उद्देश्य है, अर्थात् शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति करना।
7. सब से प्रीतिपूर्वक, धर्मानुसार यथायोग्य वर्तना चाहिए।
8. अविद्या का नाश और विद्या की वृद्धि करनी चाहिए।
9. प्रत्येक को अपनी ही उन्नति में सन्तुष्ट नहीं रहना चाहिए, किन्तु सब की उन्नति में अपनी उन्नति समझनी चाहिए।
10. सब मनुष्यों को सामाजिक सर्वहितकारी नियम पालने में परतन्त्र रहना चाहिए और प्रत्येक हितकारी नियम में सब स्वतन्त्र रहें।

# वेदरत्न प्रो॰ रामप्रसाद वेदालंकार

भू॰पू॰ उपकुलपति, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

*जीवन काल:* 7.1.1936 से 1.10.1998

*जन्म स्थान:* थाना मलाकण्ड एजेन्सी, जिला मरदान, फ्रंटीयर (वर्तमान पाकिस्तान)

*पिता का नाम :* श्री गंगाबिशन जी।

*प्रचार कार्य :* उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, जम्मू, बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र (मुम्बई), गुजरात, नेपाल एवं अमेरिका आदि।

*अध्यापन :* दयानन्दोपदेशक महाविद्यालय यमुनानगर, गुरुकुल झज्जर (हरियाणा), गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार, भू॰पू॰ प्रोफेसर वेद विभाग, भू॰पू॰ उपकुलपति, कुलपति गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार। डेढ़ वर्ष कुलपति पद पर कार्य किया।

*लेखन प्रकाशन :* 60 पुस्तकें एवं पत्रिकाओं में लेख [illegible] निडियो कैसेट।

*सम्मान एवं पुरस्कार:*

- आचार्य सार्वभन शास्त्री स्मृति पुरस्कार 1981 से सम्मानित [illegible] ट्रस्ट, जयपुर।
- आर्य साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट सेवाओं के उपलक्ष्य में [illegible] पुरस्कृत ([illegible]) द्वारा - महर्षि दयानन्द निर्वाण शताब्दी समारोह समिति, [illegible]
- वेदरत्न मानद उपाधि, 1984 में द्वारा - विश्ववेद परिषद्।
- शान्ति पुरस्कार से सम्मानित एवं पुरस्कृत 15.3.198[illegible] [illegible] समाज [illegible] द्वारा, नई दिल्ली।
- आर्य समाज की सराहनीय सेवा के लिए स्वामी शिवमुनि [illegible] की स्मृति में सम्मानित, पुरस्कृत द्वारा - दयानन्द सुधारक ट्रस्ट, [illegible], कानपुर।
- आर्य समाज [illegible], हरिद्वार में 14.7.1996 को वेद की विशिष्ट सेवा के लिए अभिनन्दित व पुरस्कृत।
- वैदिक साहित्य के प्रचार-प्रसार में विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित, पुरस्कृत। द्वारा - वैदिक यज्ञ समिति सोनीपत (हरियाणा)।
- निर्धन निकेतन, हरिद्वार, में 27.9.1996 को सन्त सम्मेलन एवं विद्वत्सभा में वैदिक विद्वान् के रूप में अभिनन्दित, पुरस्कृत।

**मरणोपरान्त सम्मान द्वारा**

❖ वेद-वेदांग पुरस्कार-आर्य समाज सान्ताक्रूज, मुम्बई ❖ महर्षि दयानन्द सरस्वती ट्रस्ट, टंकारा ❖ वानप्रस्थाश्रम, ज्वालापुर ❖ मानव कल्याण केन्द्र, तपोवन, देहरादून ❖ आर्य समाज स्वरूप नगर, कानपुर ❖ व्यास आश्रम, सप्त सरोवर, हरिद्वार ❖ उपदेशक विद्यालय, यमुना नगर, हरियाणा ❖ आर्य समाज, बड़ा बाजार, पानीपत, हरियाणा।